शॉर्ट न्यूज़: 24 फ़रवरी, 2022

sanskritiias.com/hindi/short-news/24-february-2022

‘ऊपरी भद्रा परियोजना’(Upper Bhadra Project)

‘ऊपरी भद्रा परियोजना’(Upper Bhadra Project)

चर्चा में क्यों

हाल ही में, केंद्र सरकार द्वारा ‘ऊपरी भद्रा परियोजना’ (Upper Bhadra Project) को ‘राष्ट्रीय परियोजना’ का दर्ज़ा प्रदान किया गया है। इससे इस परियोजना को केंद्र से लगभग 60 प्रतिशत वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय दर्ज़ा प्राप्त करने वाली यह कर्नाटक की पहली परियोजना है, जो मध्य कर्नाटक के सिंचाई परिदृश्य को परिवर्तित करने में मददगार साबित होगी।
- यह परियोजना चित्रदुर्ग, चिक्कमगलुरू, दावणगेरे और तुमकुरु के सूखाग्रस्त ज़िलों में ख़रीफ़ मौसम में स्थायी सिंचाई सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
- इस परियोजना का क्रियान्वयन विश्वेश्वरैया जल निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो कि एक प्रमुख लिफ्ट सिंचाई योजना है।


DAVANGERE
JAGLUR
CHALLAKERE
PAVAGADA
CHITRADURGA
HOLALKERE
HOSADURGA
TARIKERE
SIRA
KADUR
CHIKKAMAGALURU
TUMAKURU
HAVERI
SHIVAMOGGA
HASSAN
DAKSHIN KANNAD
MANDYA
BENGALOORU
Harpanahalli
Harihar
Honnali
Channagiri
Hosakote
Madhugiri
Koratagere
Gubbi
Turuvekere
Kunigal
Sringeri
Koppa
Kalasa
Mudigere
Kemmangundi
Belaguru
Parasurampura
Oblapura
Molakalmuru